**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
THURSDAY, JANUARY 18, 2024

# House Hunting: DDA Invites Buyers In Phase-II E-Auction

## Unlucky In Phase I? Try Again, Final Date For Submission Is Jan 31

Vibha.Sharma
@timesgroup.com

**New Delhi:** The Delhi Development Authority (DDA) will launch the e-auction process for Phase II of its Diwali Housing Special Scheme on Thursday. DDA will offer 707 houses, including seven penthouses in Dwarka Sector 19B, under the scheme.

While the registration and submission of the earnest money deposit (EMD) will start at 11am, the last date of the online registration and the submission of online EMD is Jan 29, said an official. The final submission date of applications will be Jan 31 and the e-auction will take place on Feb 5.

EMD is the booking amount deposited by all applicants when they apply for flats. Besides the penthouses, the inventory incudes 32 super high income group and 476 HIG flats in Dwarka Sector 19B and 192 middle income group (MIG) flats in Dwarka Sector 14. EMD will be Rs 10 lakh for MIG, Rs 15 lakh for HIG and Rs 20 lakh for super HIG flats, and Rs 25 lakh for penthouses.

"Those who were unlucky in phase I can participate in phase II again," said a DDA official. "The participants will have to first get themselves registered on the e-auction portal, https://dda.etender.sbi/SBI/,, and pay Rs 2,500, which is non-adjustable and non-refundable, separately against each flat they wish to bid for," stated DDA. "To participate in the bidding, prospective bidders are required to make online payment for EMD separately against each flat they wish to bid for, through the e-payment gateway of the e-auction portal," said the official.


The Phase I e-auction on Jan 5 had witnessed an encouraging response, he added. Out of the 296 flats offered, 274 houses were booked. They included 135 MIG flats in Dwarka Sector 14, 10 MIG flats in Loknayakpuram, 144 super HIG flats in Dwarka Sector 19B and seven penthouses in the same sector. Of them, 124 MIG flats were booked in Dwarka Sector 14, five MIG flats in Loknayakpuram, and 138 super HIGs and all penthouses in Dwarka Sector 19B. "The flats not sold in phase I will be considered in phase II again," said the official.

In Phase I, against the reserve price of Rs 171.4 crore for 124 MIG flats in Dwarka Sector 14, DDA got Rs 177.7 crore. For seven penthouses, it received Rs 37.1 crore against the reserve price of Rs 35 crore.

"We are expecting a similar response in phase II, too, considering all these flats are at prime locations and DDA has constructed them with various facilities for recreation," said the official.

DDA had launched the scheme in November, offering 32,000 newly-constructed flats in Dwarka, Loknayakpuram and Narela. Of these, the registration of around 28,000 LIG and EWS flats started on November 24 and the remaining flats on Nov 30.

**DDA LAUNCHES E-AUCTION OF DIWALI HOUSING SPECIAL SCHEME PHASE II**




Registration and submission of earnest money deposit (EMD) will start at 11am on Thursday

*Last date of online registration for participating in e-auction and submission of online EMD* | Jan 29

*Final submission of application* | Jan 31

*Commencement of online e-auction* | Feb 5



**EMD amount**




**Those who could not buy properties in phase I can participate in phase II**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 18 जनवरी 2024

PAPERS-------------------------------------------DATED

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 18 जनवरी, 2024

# BJP पर झुग्गीवासियों को बेघर करने का आरोप

## वज़ीरपुर की झुग्गियों में पहुंचे आम आदमी पार्टी के नेता

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने 'घर बचाओ-भाजपा हटाओ' अभियान के तहत बुधवार को वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में रेलवे लाइन के पास बनी झुग्गी बस्ती में रह रहे लोगों को जागरूक किया। पार्टी के उपाध्यक्ष और विधायक दिलीप पांडेय और राजेश गुप्ता ने झुग्गियों में रह रहे लोगों से मुलाकात करके दावा किया कि केंद्र सरकार दिल्ली में झुग्गियों को तोड़कर गरीबों को बेघर करना चाहती है, लेकिन आम आदमी पार्टी और सीएम अरविंद केजरीवाल उनके साथ खड़े हैं और किसी भी कीमत पर उनकी झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे।



विधायक दिलीप पांडेय और राजेश गुप्ता

दिलीप पांडेय ने कहा कि बीजेपी चुनाव से पहले वादा करती है कि जहां झुग्गी बनी हुई है, वहीं पर लोगों को मकान बनाकर देगी, लेकिन चुनाव खत्म होते ही वह झुग्गियों को हटाने के काम में लग जाती है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सचिव ने रेलवे, डीडीए, एमसीडी और एलएंडडीओ जैसे केंद्र और दिल्ली सरकार के विभागों की मीटिंग बुलाकर अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दिल्ली में झुग्गियों को हटाया जाए। आप के नेताओं का आरोप है कि बीजेपी झुग्गी में रहने वाले लोगों से नफरत करती है, इसीलिए जब जी 20 सम्मेलन हुआ, तो दिल्ली की कई झुग्गियों को पर्दा लगाकर ढक दिया गया। अब जब दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, तो एक बार फिर गरीबों के सिर से छत छीनने की साजिश रची जा रही है।

राजेश गुप्ता ने कहा कि पिछले 30 साल से लोग यहां झुग्गियों में रह रहे हैं। वजीरपुर में जब फैक्ट्रियां बनी थीं, तो उनमें काम करने वाले लोग झुग्गियों में रहने लगे। केंद्र सरकार ने पहले इन लोगों के लिए बनाए गए शौचालय तोड़े और अब इनको बेघर करना चाहती है।

# डीडीए विकास सदन बिल्डिंग आइएनए में माक ड्रिल

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर और इमारतों में सुरक्षा को लेकर कोटला मुबारक पुर थानाक्षेत्र के डीडीए विकास सदन बिल्डिंग आइएनए में बुधवार को माक ड्रिल की गई। सुबह 11:37 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डीडीए बिल्डिंग विकास सदन आइएनए में एक संदिग्ध व्यक्ति है। उसकी कमर पर कुछ बंधा हुआ है और वह अंदर घुस गया है। सूचना मिलते ही एसीपी डिफेंस कालोनी की देखरेख में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। संदिग्ध व्यक्ति का पता लगाने के लिए छानबीन शुरू कर दी। मुख्य गेट और निकास निकास द्वार को बंद कर दिया गया। साथ ही जनता को बाहर निकाला गया। इसके बाद डाग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची। दिल्ली फायर सर्विस टेंडर, कैट एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। एफएसएल स्टाफ, ट्रैफिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फिर पूरी इमारत की छानबीन की गई। अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों सहित अन्य लोगों को मामले में बारे मे जानकारी दी।

# दीवाली विशेष आवासीय योजना की ई नीलामी आज

**नई दिल्ली :** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) बृहस्पतिवार से दीवाली विशेष आवासीय योजना की ई नीलामी का दूसरा चरण शुरू करेगा। दूसरे चरण में कुल 707 फ्लैट रखे गए हैं। सभी फ्लैट द्वारका में हैं। इसमें पेंटहाउस के अलावा सुपर एचआइजी, एचआइजी और एमआइजी शामिल है। द्वारका सेक्टर-19बी में बने सात पेंटहाउस, 32 सुपर एचआइजी, 476 एचआइजी और द्वारका सेक्टर-14 में 192 एमआइजी फ्लैट शामिल हैं। पेंटहाउस और सुपर एचआइजी के साथ लोगों को दो वाहनों की पार्किंग और एचआइजी व एमआइजी के साथ एक वाहन की पार्किंग मिलेगी। (राब्यू)

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 18 जनवरी 2024

# 40 साल में गिरने लगे छज्जे, डरा रहे फ्लैट्स

## विकासपुरी के इस अपार्टमेंट को रीडिवेलपमेंट की ज़रूरत



**NBT कायापलट**
*घर वही, सूरत नई*



**40 साल पुराने डीडीए फ्लैट्स के गिरते छज्जों की दहशत आशीर्वाद कुंज डीजी-1 अपार्टमेंट के हर रेजिडेंट में दिखती है। RWA बार-बार फ्लैट मालिकों को इन्हें रिपेयर करवाने का नोटिस देती है। आज बात इसके रीडिवेलपमेंट की :**

■ विशेष संवाददाता, विकासपुरी

करीब छह महीने आशीर्वाद कुंज अपार्टमेंट के पहले सीढ़ी के ऊपर बनी दीवार का एक हिस्सा गिर गया था। उस हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें भी आई थीं। इसे अब रिपेयर करवा लिया गया है। कुछ और जगहों पर सीढ़ी के ऊपर बनी दीवारें झुक रही हैं। कॉमन एरिया की रिपेयरिंग सबसे बड़ी मुसीबत है।

आरडब्ल्यूए के अनुसार, टॉप फ्लोर के फ्लैट्स की हालत काफी खराब हो चुकी है। इसकी मुख्य वजह छत पर रखी टंकियों की खराब हालत है। टंकियां काफी पुरानी हो चुकी हैं। कुछ में लीकेज भी है। जहां पर टंकियां रखी हैं, उस जगह को रिपेयर करने की भी जरूरत है। हालांकि आरडब्ल्यूए के पास फंड नहीं है और लोग पैसा लगाने को तैयार नहीं है। टॉप फ्लोर के फ्लैट्स में सीलन की बड़ी समस्या है।



**छज्जे बनाकर रखी टंकियां:** इन डीडीए फ्लैट्स में लोगों ने जरूरत के हिसाब से मॉडिफिकेशन भी कर लिया है। मसलन, काफी लोगों ने अपने फ्लैट की खिड़की के बाहरी तरफ छज्जा लगवा लिया है और इस पर पानी की एक्स्ट्रा टंकियां रख ली हैं। हालांकि यह टंकियां और छज्जे भी कई जगह गिरने के कगार पर पहुंच गए हैं।

**पार्किंग के लिए जगह नहीं:** इस अपार्टमेंट को 80 के दशक में अलॉट किया गया था। उस समय यहां टू वीलर पार्किंग थी। अब लगभग सभी के पास कार है। ऐसे में सोसायटी की इंटरनल रोड पर आरडब्ल्यूए ने दोनों तरफ मार्किंग कर पार्किंग की जगह बनाई है। ऐसे में सिर्फ एक लेन का रास्ता बचता है। इससे गाड़ियां निकालना तक मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, यहां दिल्ली जल बोर्ड का एक अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर) भी लगभग ढहने के कगार पर पहुंच गया है। कोई कम्युनिटी हॉल भी नहीं है।

**80** के दशक में अलॉट किया गया था इन DDA फ्लैट्स को

**180** फ्लैट्स की कॉलोनी के टॉप फ्लोर सबसे खस्ताहाल

**6** महीने पहले दीवार का एक हिस्सा गिरने से हुआ था हादसा

## लोगों की राय



" सोसायटी के रीडिवेलपमेंट के लिए डीडीए कोई ऐसा विकल्प दे, जो लोगों की समझ में आए और जेब पर असर न पड़े। - सतीश अरोड़ा



" लोग इस प्राइम जगह को हरगिज नहीं छोड़ना चाहेंगे। देखना होगा कि दोबारा बनाने के लिए लोग कैसे मानते हैं और सरकार क्या छूट देगी। - मनीष मनचंदा



" लोग फ्लैट्स पर लाखों खर्च कर चुके हैं। ऐसे में जब तक बहुत अच्छा विकल्प नहीं मिलता, लोग किसी एक प्लान के लिए तैयार नहीं होंगे। - रंजीत झा



" किराये पर रहने की बात से लोग रीडिवेलपमेंट के लिए तैयार नहीं होंगे। डीडीए के प्रोजेक्ट लेट हो जाते हैं। इसका समाधान भी खोजना होगा। - आरएस कटारिया

**सवालों के जवाब भी**

अगर रीडिवेलपमेंट को लेकर मन में कोई सवाल हैं तो उनका जवाब भी हम एक्सपर्टस की मदद से देंगे। रीडिवेलपमेंट पर अपनी राय, सुझाव और सवाल आप ईमेल भी कर सकते हैं। अपना नाम, मोबाइल नंबर और अपने बारे में जरूरी जानकारी nbtreader@timesgroup.com पर भेज दें। सब्जेक्ट में Redevelopment जरूर लिखें।

-------DATED-----------------------

## दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम का दूसरा फेज़ आज होगा लॉन्च

■ विस, नई दिल्लीः डीडीए गुरुवार 18 जनवरी को दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम (ई-ऑक्शन) का सेकंड फेज लॉन्च कर रहा है। दूसरे फेज में 707 फ्लैट रखे गए हैं। सभी फ्लैट द्वारका में हैं। इसमें पेंटहाउस के अलावा सुपर एचआईजी, एचआईजी और एमआईजी के फ्लैट शामिल है। ई-ऑक्शन 5 फरवरी से होगा।

डीडीए के मुताबिक उन फ्लैटों को इसमें शामिल किया गया है जो फेज-1 में किसी वजह से बिक नहीं पाए। सेकंड फेज में द्वारका सेक्टर-19बी में बने 7 पेंटहाउस, इसी जगह पर बने 32 सुपर एचआईजी, इसी जगह पर बने 476 एचआईजी और द्वारका सेक्टर-14 में बने 192 एमआईजी फ्लैट शामिल हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए लोगों को 2500 रुपये का शुल्क देना होगा। इसके बाद फ्लैट की बिड में हिस्सा लेने के लिए उन्हें अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) करवानी होगी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 29 जनवरी है।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 जनवरी 2024

## डीडीए के 20 हजार फ्लैटों का पंजीकरण

नई दिल्ली। डीडीए के 'पहले आओ-पहले पाओ' आवासीय योजना के तहत निकाले गए फ्लैटों की बुकिंग प्रक्रिया जारी है। अब तक पांच हजार से अधिक फ्लैट आवेदनकर्ताओं ने बुक करा लिए हैं। इसके अलावा आवेदनकर्ताओं ने 20 हजार से अधिक फ्लैट पंजीकरण करा लिए हैं। द्वारका, नरेला और लोकनायक पुरम में लोग डीडीए के ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी फ्लैटों के साथ एचआईजी फ्लैटों को भी बुक करा रहे हैं। इस योजना के तहत कुल 30,592 फ्लैटों के लिए पंजीकरण व बुकिंग प्रक्रिया जारी है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**



दैनिक जागरण नई दिल्ली, 18 जनवरी, 2024

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 18 जनवरी 2024

हिन्दुस्तान


# ई-नीलामी का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा...प्रीमियम घर खरीदने का एक और मौका !

Where Development Values Nature

**18 जनवरी 2024 से शुरू**

**ई-नीलामी का दूसरा चरण**

## जल्दी करें

अंतिम समय की प्रतीक्षा न करें

dda.etender.sbi
पर स्वयं का पंजीकरण कराए

## पंजीकरण और ईएमडी भुगतान करने की तिथि

18 - 29 जनवरी 2024

700 से अधिक
प्रीमियम फ्लैट पाने का अवसर



**पेंटहाउस, सुपर एचआईजी, एचआईजी द्वारका सेक्टर - 19 बी** | **एमआईजी द्वारका सेक्टर - 14**

क्यूआर कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए डायल करें
टोल फ्री नं. **1800 110 332**
या
**www.dda.gov.in देखें**

सभी नए, फ्रीहोल्ड फ्लैट | बहुमंजिला लिफ्टों से सुसज्जित | आवंटन नीलामी के माध्यम से एसटीपी, पार्क, जल निकासी, खेल का मैदान | प्रत्येक फ्लैट के साथ नि:शुल्क पार्किंग | दिल्ली में घर/प्लॉट रखने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं | ऑनलाइन आवेदन करें www.dda.gov.in के माध्यम से

## दिल्ली विकास प्राधिकरण

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली-110023


हमें फॉलो करें: official_dda ddaofficial official_dda_ Official_dda

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
RESS CLIPPING SERVICE

WWW.INDIANEXPRESS.COM
THURSDAY, JANUARY 18, 2024

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
THURSDAY, JANUARY 18, 2024

Hindustan Times



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI
18 जनवरी, 2024 NEWSPAPERS------------------------------------------DATED-----------------------

# रोशनारा क्लब के 450 कर्मियों का दुख-दर्द कौन दूर करेगा




**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** रोशनारा क्लब लिमिटेड कर्मचारी यूनियन ने रोशनारा क्लब में अपने रोजगार खत्म होने के खिलाफ अपना दुख-दर्द दिल्ली के विभिन्न विभागों तक पहुंचाया है। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष राकेश मोर्या ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि हम 450 कर्मचारी बेरोजगार हो चुके हैं और अब हमारा परिवार बेहद परेशानियों से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन हमारी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि 29 सितम्बर, 2023 को डीडीए ने क्लब सील किया था परंतु हम लोग भूखे-प्यासे हैं और लगातार प्रदर्शन के माध्यम से अपना दुखड़ा रो रहे हैं। सभी कर्मचारियों के हालात बद से बदत्तर हो चुके हैं। ज्यादातर लोग किरायेदार हैंऔर सभी के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। उन्होंने सरकार प्रशासन से मांग की है कि हमें वापस नौकरियों पर बहाल किया जाए।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

पंजाब केसरी DELHI ▸ 18 जनवरी, 2024

अमर उजाला



# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
THURSDAY | JANUARY 18, 2024

millenniumpost
THURSDAY, 18 JANUARY, 2024 | NEW DELHI

